/b>

Title: Need for early construction of National Highway No. 79 between Nasirabad and Mahu in Madhya Pradesh.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : महोदय, दिल्ली-मुम्बई के बीच राट्रीय राजमार्ग जो जयपुर-अजमेर-चित्तौड़-नीमच-मंदसौर व महू होकर मुम्बई जाता है, इस राट्रीय राजमार्ग के मध्य का कुछ भाग नसीराबाद से महू राट्रीय राजमार्ग के रूप में स्वीकृत नहीं था, जिसे गत तीन र्वा पूर्व स्वीकृत किया जाकर उसे राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 79 के रूप में विहित किया गया तथा इसको भारत सरकार के गजट में विधिवत अधिसूचित भी किया गया है। इस मार्ग पर भारी यातायात व मुम्बई-दिल्ली के मध्य छोटा मार्ग होने से राट्रीय राजमार्ग के मानदंड लागू किए जाकर विस्तृत व ठीक बनाया जाना आवश्यक था, जिसके निर्माण की स्वीकृति केन्द्र सरकार द्वारा दी गई व आगे कार्य किया जाना था, किन्त मध्य प्रदेश सरकार द्वारा बीच में दो भागों की दुरुस्ती हेतु, प्राप्त जानकारी अनुसार पांच र्वीय एवं सात र्वीय ठेके दिए गए हैं। इस मार्ग को ठीक से राट्रीय स्तर का बनाने से उक्त मध्यवर्ती क्षेत्र के विकास से भी संबंध रखता है। जिसमें गति रोधक पैदा हुआ है ।

अतः मेरा सड़क परिवहन मंत्री जी से निवेदन है कि उक्त संबंध में योग्य व वैध तात्कालिक कार्यवाही करे तथा केन्द्र सरकार स्वयं इस मार्ग को शीघ्र बनवाना प्रारम्भ करें।